राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

## गलतापीठ में चल रहे भगवान के ब्रह्मोत्सव में राज्यपाल ने शिरकत की

## भगवान श्रीनिवास और भूदेवी-श्रीदेवी के कल्याणोत्सव के साक्षी बने राज्यपाल श्री मिश्र

जयपुर, 5 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शनिवार को गलतापीठ में भगवान श्रीनिवास, श्रीदेवी व भूदेवी के ब्रह्मोत्सव के अंतर्गत कल्याणोत्सव (विवाहोत्सव) के साक्षी बने। उन्होंने भगवान की पूजा कर देश और प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना भी की।

सुसज्जित पालकियों में विराजमान भगवान श्रीनिवास व भूदेवी-श्रीदेवी का विधि-विधान से कल्याणोत्सव दक्षिण भारत के विद्वानों द्वारा संपन्न कराया गया। कल्याणोत्सव के अंतर्गत विश्वक्सेन निमंत्रण, पुण्याहवाचन, कल्याणवाचन, महासंकल्प, कन्यादान, माला पलटन आदि कार्यक्रम किए गए।

विवाह में वस्त्र, फल, नैवेद्य, आभूषण आदि अर्पित किए गए।

गलता पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य ने शॉल ओढ़ाकर राज्यपाल का स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और भक्तगण उपस्थित रहे।

-----